## भारत विकास परिषद की नव गठित सेवा शाखा ने लगाए औषधीय पौधे



**इन्दौर** देशव्यापी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भारत विकास परिषद की नवगठित सेवा शाखा के सदस्य दंपतियों ने अंवला, बेहड़ा, हरड़, हरसिंगार, अमलतास, स्वर्ण चंपा एवं नीम सहित विभिन्न औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया। क्षेत्रीय संयुक्त सचिव एवं राष्ट्रीय संपर्क टोली के सदस्य ने बताया कि शीघ्र वृक्ष बनने की दृष्टि से 6 फीट से अधिक ऊँचाई के पौधे लगाए गए। शाखा अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं सचिव पंकज गांधी ने पर्यावरण संरक्षण को सभी नागरिकों की साझा जिम्मेदारी बताते हुए पौधों के नियमित संरक्षण का संकल्प दिलाया। कोषाध्यक्ष गुंजन सोमानी ने सभी सहभागी सदस्य दंपतियों का आभार व्यक्त किया।

## बंगाल के नगरीय प्रशासन मंत्री का इन्दौर आगमन पर स्वागत



**इन्दौर** बंगाल के नगरीय प्रशासन मंत्री उमेश राय जी का इन्दौर आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित कार्यक्रम हुआ पार्षद प्रणव मंडल जी के नेतृत्व पर स्वागत करते हुए अध्यक्ष श्रवण वर्मा ओर इस अवसर पर संसद शंकर ललवानी जी संजू ठाकुर बसीलाल पुरोहित संदीप रावत सपना यादव अशीष पाटीदार जयदीप मांजरेकर हेमन्त तोमर फरक गोयल एडवोकेट सचिन सोनकर शशी वर्मा एडवोकेट मुकेश तोमर अदित्य सिंह गुंजन कुंठे राजेश चौधरी अन्य ने स्वागत किया।इस अवसर पर काविता प्रणव मंडल के साथ बंगाली महीओ ने भी बंगाली रीति-रिवाज से स्वागत किया।

## आचार्य श्री ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन



**इन्दौर** आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज और उनके ससंघ मुनि राजो ने उदासीन आश्रम और कुंदकुंद ज्ञानपीठ द्वारा संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन किया। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस दौरान उन्होंने यहां आयोजित प्रदर्शनी का भी गहन निरीक्षण किया और उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उनके साथ आश्रम के डॉ. अरविंद जैन, अमित , अदित्य कासलीवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चेक बाउंस प्रकरण में ब्याज सहित भुगतान न करने पर अतिरिक्त कारावास

**इन्दौर** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने चेक बाउंस प्रकरण की सुनवाई उपरांत आरोपी फकरूद्दीन हुसैन को दोषी करार देते 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुना पीड़ित पक्ष राजेंद्र विजयवर्गीय को 12.67 लाख प्रतिकर राशि अदा करने का भी आदेश दिया है। प्रकरण में अभियोग पैरवी एडवोकेट रविन्द्र माहेश्वरी ने की। एडवोकेट माहेश्वरी के अनुसार कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि निर्णय की तारीख से भुगतान होने तक प्रतिकर राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा। आरोपी निर्धारित राशि का भुगतान नहीं करता है तो अतिरिक्त 3 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। एडवोकेट रविंद्र माहेश्वरी के अनुसार करीब दस वर्ष पुराने चेक बाउंस प्रकरण में दिए कोर्ट के इस निर्णय को चेक बाउंस मामलों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें प्रतिकर राशि के साथ ब्याज और भुगतान न करने पर अतिरिक्त कारावास का भी प्रावधान है।

## मुक्तिधाम परिसर में 500 पौधे रौपें



**इन्दौर** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन्दौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के प्रभारी दीपू यादव के नेतृत्व में आयोजित एक पौधारोपण समारोह में नगर निगम के वार्ड क्रमांक 10 स्थित मरी माता चौराहा के समीप कुम्हार खाड़ी मुक्तिधाम परिसर में 500 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस पौधारोपण समारोह में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दीपू यादव ने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं, उनका संरक्षण करना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को पौधों की जिम्मेदारी सौंपी।

## कार्टून कोना




# ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और स्वास्थ्य में जागरूक बनाने की पहल



**इंदौर।** आरोग्य भारती इंदौर महानगर के आयाम 'अपना ग्राम स्वास्थ्य ग्राम' के विषय पर बंधु भगिनी ने तिल्लोर में वनसंचार किया। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन से ग्राम को आदर्श और स्वस्थ बनाने की पहल की है, और ग्रामों को स्वच्छ एवं आदर्श बनाने के लिए प्राथमिक तौर पर अभियान चलाने पर जोर दिया है।

कार्यक्रम का उद्देश्य 'अपना ग्राम स्वास्थ्य ग्राम' आयाम को सभी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना, और ग्रामीण अंचल में आरोग्य भारती की इकाई एवं कार्यकर्ता तैयार करना था। अतिथियों के मंचासीन होने के बाद धन्वंतरि स्तवन हुआ, फिर डॉ. अशोक ठाकुर ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। आरोग्य भारती एवं इसके आयामों का परिचय प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह ने रखा। अपना ग्राम स्वास्थ्य ग्राम विषय पर प्रबोधन प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशी ने दिया। प्रबोधन उपरांत प्रश्नोत्तरी एवं अनुभव कथन हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तिल्लोरखुर्द गांव के सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर ने आरोग्य भारती के अपना ग्राम स्वस्थ ग्राम आयाम के साथ समस्त आयामों में पूर्ण सहयोग देने में स्वयं की इच्छा प्रस्तुत की।

मंच पर इन अतिथियों के साथ तिल्लोरखुर्द के कुछ वरिष्ठ व्यक्तियों सहित प्रांतीय संरक्षक डॉ. आरके बाजपेयी एवं महानगर अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नीमा भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम से आरोग्य भारती की ग्रामीण इकाई भी प्रारंभ होकर सक्रियता को प्राप्त होगी।कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. अशोक ठाकुर के पिताजी एवं चाचाजी सहित सम्पूर्ण परिवार ने ही पूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।

आरोग्य भारती के प्रांत कार्याध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशीने कहा कि अपना ग्राम-स्वस्थ ग्राम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने की एक पहल है।

इंदौर महानगर अध्यक्ष डा. प्रमोद नीमा ने कहा कि कोई भी दिव्यांग बच्चा हो तो बताए, ऐसे बच्चों का निःशुल्क उपचार किया जाता है। आरोग्य भारती मालवा प्रांत के चिकित्सा विद्यार्थी प्रमुख एवं व्यवस्था प्रभारी डॉ. अशोक ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत कर स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार - स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मेंइस तरह के अभियान की आवश्यकता है।

प्रचार प्रमुख राजेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम में आरोग्य भारती इंदौर महानगर के उपाध्यक्ष डॉ.अजय जोशी, योग आयाम के संयोजक वीरसिंह यादव, रामेश्वरम जिला के अध्यक्ष कमल कुमार पाठक, प्रांत चिकित्सा विद्यार्थी सह प्रमुख सुरेन्द्रसिंह ठाकुर, आरआर सोलंकी, मधुकांत दुबे, प्रभाकर कोहेकर, राजेश यादव, ओके दुबे, शिवनारायण मिश्रा, ब्रजेश नागर सहित आरोग्य भारती की मातृशक्तियों उपस्थित हुई।

## घर बैठे कांग्रेसियों की चाय की चौपाल लगाकर किया मोहल्ला समिति का गठन



**इंदौर** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है की कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं आगामी नगर निगम विधानसभा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए मैदानी स्तर पर एवं सक्रिय करने के लिए कांग्रेस पार्टी से जोड़ने हेतु घर बैठे कांग्रेसियों को सम्मान देने एवं कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा खुले मैदान बस्तीयों मोहल्ला वार्ड स्तर पर या फिर पुराने कांग्रेसियों के निवास के बहार खुले में चाय की चौपाल लगाकर मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र में पदाधिकारी एवं सदस्य बनाए जाएंगे एवं मोहल्ला समितियों का गठन भी कांग्रेस मजबूती के लिए किया जाएगा

यादव ने बताया है की आज इसकी शुरुआत विधानसभा दो मैं परदेशीपुरा क्षेत्र में खुले स्थान पर चाय की चौपाल लगाकर जहां कांग्रेस के वरिष्ठ पुराने नेता श्री सुभाष यादव को मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया वही 25 सदस्य मोहल्ला समिति का गठन कर कांग्रेस पार्टी से जोड़ा गया

और चाय की चौपाल में कई पुराने घर बैठे कांग्रेस जनों को बुलाया गया था सभी से कहा गया की आप सभी के सम्मान में कोई कमी नहीं रखी जायेगी और उनसे कांग्रेस पार्टी में सक्रिय भूमिका रहने का भी अनुरोध किया गया।

यादव ने कहा है की इस तरीके का अभियान हर विधानसभा के मोहल्ले ब्लॉक वार्ड मोहल्ले बस्तीयों कालोनीयों गलियों स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिससे घर बैठे कांग्रेसियों एवं युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने हेतू मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र में पदाधिकारी बनाया जाएगा यह सभी कार्यक्रम मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी शहर कांग्रेस के अध्यक्ष श्री चिंटू चौकसे जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री विपिन वानखेड़े एवं सभी विधानसभाओं के प्रभारी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

चाय की चौपाल और बैठक में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष यादव शहर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल धाकड़े इंदौर लाल चौरसिया मुकेश यादव कमलेश पटेरिया अजय चौकसे योगेश सिंह चौधरी प्रवीण नीखरे बलकृष्ण दुबे मदन मोहन धाकेता महेश पुजारी राहुल बिजोरिया देवेंद्र जैन प्रमोद गौड़ योगेंद्र चौकसे विष्णु प्रसाद बाकड़िया जगदीश नेपाली देव नारायण कुवाल मुरली धर मारुति मदन लाल वाजपेई राधे श्याम सूर्यवंशी प्रकाश चौधरी पप्पू यादव कमलेश पाठक पितम्बर यादव कैलाश कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ पुराने कांग्रेस जन इस कार्यक्रम में मौजूद थें।

## समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव इंदौर दौरे पर



**इंदौर** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आज इंदौर दौरे पर आए इसमें उन्होंने एमजी रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया वह कार्यकर्ताओं उप पदाधिकारी को भी संबोधित किया बैठक में आने वाले दिनों में नगरीय निकाय चुनाव पंचायत चुनाव व पार्टी संगठन को मजबूत करने के विषय पर भी चर्चा हुई इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री अमन यादव जी के यादव लालू यादव पवन यादव शांति मौर्य मनोज हडिया आदि पार्टी के कार्यकर्ता वह पदाधिकारी उपस्थित थे जानकारी समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी सुरेश सूरजवानी द्वारा दी गई

## समिति में ताराशंकर बंदोपाध्याय पर गोष्ठी

**इंदौर।** श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मनीषियों की श्रृंखला शुरु की गई है जिसमें ताराशंकर बंदोपाध्याय के साहित्यिक कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा होगी एवं उनके चित्र का अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे खंड में सृजन विविधा होगी जिसमें उपस्थित रचनाकार अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम मंगलवार 14 जुलाई, 2026 को सायं 6:00 बजे समिति के सभागार में होगा। कार्यक्रम सभी साहित्य प्रेमियों के लिए है।

## आशा ताई - तुम याद आए' में गूंजे सदाबहार नगमे



**इंदौर।** ऋषि गुरु संगीत सेवा संस्था (रजि.), इंदौर द्वारा राजेंद्र माथुर सभागृह, इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित 'आशा ताई - तुम याद आए' संगीतमय संध्या में स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले के सदाबहार गीतों को सुरमयी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कृतिका वर्मा, राखी खंडेलवाल, संगीता पौराणिक, संतोष वर्मा, सूरज शर्मा, सुधीर पौराणिक, सुनील पटेल सहित संस्था के अन्य कलाकारों ने आशा भोसले के लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हेमंत मेहता, डॉ. अर्पण जैन, जितेंद्र शिवहरे, दामोदर विरमाल एवं कवि अवनीश पाठक 'सूर्य' उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के संगीत एवं सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कलाकारों का सम्मान किया।कार्यक्रम का सफल संचालन एंकर ऋषिता गिरी ने किया।

## पद्मश्री सुशील दोषी का स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मान



**इंदौर।** जैन साध्वी अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चंद्रिका महासती डॉ. कुमुद लता जी म.सा. के पावन सानिध्य में भारत के सुप्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर एवं पद्मश्री सम्मानित सुशील दोषी को स्वर्णिम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए सर्टिफिकेट ऑफ रिकॉर्ड अचीवमेंट 'प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें भारत के प्रथम हिंदी क्रिकेट कमेंटेटरों में से एक होने तथा कई दशकों तक विश्व कप, टेस्ट मैच, एकदिवसीय एवं टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की प्रभावशाली हिंदी कमेंट्री के माध्यम से हिंदी भाषा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, अचल चौधरी, रमेश भंडारी, डेविश जैन एवं डिपिन जैन,वीरेन्द्रकुमार जैन, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन,हेमंत बोहरा, विवेक जैन ने पद्मश्री सुशील दोषी को सम्मान-पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर साध्वी डॉ कुमुद लता जी महाराज ने कहा कि सुशील दोषी ने अपनी विशिष्ट वाणी, सहज शैली और उत्कृष्ट प्रस्तुति से हिंदी क्रिकेट कमेंट्री को नई पहचान दिलाई तथा करोड़ों खेल प्रेमियों को हिंदी में क्रिकेट का रोमांच अनुभव कराया।

## अनूठी संगीत संध्या आयोजित, दृष्टिहीन गायकों, संगीतकारों ने दी प्रस्तुति



**इन्दौर** शहर में कल शाम अपनी तरह की एक अनोखी और अद्भुत संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भजनों और पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दृष्टिहीन गायकों ने दी। मप्र दृष्टिहीन कल्याण संघ सभागार में आयोजित इस अनूठी संगीत संध्या में दृष्टिहीन विद्यार्थियों और संगीत प्रेमियों ने पूरे उत्साह के साथ गीतों का आनंद लिया। कार्यकम की शुरुआत अंजू सोनी और अर्पित चौधरी ने श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम भजन से की। इसके बाद दोनों कलाकारों ने कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया और गोरी है कलाइयां सहित कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। अंजू सोनी और दीपक सोनी ने हम तुम चोरी से बंधे एक डोरी से.... जबकि हिना और अर्पित चौधरी ने ये मौसम का जादू है मितवा... गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। अर्पित और अंजू की जोड़ी ने जय-जय शिव शंकर... और ओ साथी चल... जैसे गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया। अजय बक्षी ने चल अकेला चल अकेला... गीत गाकर श्रोताओं की खूब सराहना हासिल की। वहीं महेश उपाध्याय और सुनीता उपाध्याय की प्रस्तुति आंखों-आंखों में हम तुम... भी दर्शकों को पसंद आई। दृष्टिहीन युवा विशाल तिवारी और जयांशु बैरागी की प्रस्तुतियों पर लंबे समय तक तालियां गूंजती रहीं। दिलीप सोनी और विष्णु सोनी ने भी अपनी गायकी से कायक्रम में रंग जमाया। दृष्टिहीन गायकों और संगीत कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस संगीत संध्या ने सभी का मन मोह लिया।

## हरियाली के रंग सहेलियों के संग थीम पर ग्रीन फिएस्टा आयोजित किया



**इन्दौर** हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते श्री नागर चित्तौड़ा सखी संगठन द्वारा ग्रीन फिएस्टा– हरियाली के रंग सहेलियों के संग थीम पर एक मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें ग्रीन ड्रेस अप में शामिल हो सदस्याओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।?

समारोह की शुरुआत समय पर पहुंचने वाली सदस्यों को अर्ली बर्ड्स प्राइज देकर की गई। इसके बाद मनोरंजक गेम्स, तंबोला और ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता की गई। सभी प्रतिभागियों को तुलसी के पौधे भेंट किए गए और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उनके पौधों की देखभाल का भी संकल्प लिया।